राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने जम्मू–कश्मीर के परिमपोरा में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद हुए सी॰आर॰पी॰एफ॰ के जवान रमेश रंजन की शहादत के प्रति अपना नमन निवेदित किया

पटना, 06 फरवरी 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने जम्मू–कश्मीर के परिमपोरा में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद हुए बिहार के भोजपुर जिलान्तर्गत गोधना रोड निवासी सी॰आर॰पी॰एफ॰ के वीर जवान रमेश रंजन की शहादत को नमन करते हुए कहा है कि सम्पूर्ण राष्ट्र सहित समस्त बिहारवासी उनकी शहादत को कभी नहीं भूलेंगे।

राज्यपाल श्री चौहान ने कहा है कि बिहार के वीर सपूत रमेश रंजन की शहादत को समस्त राज्यवासी सदैव याद रखते हुए उनके प्रति श्रद्धावनत रहेंगे।

राज्यपाल श्री चौहान ने अमर शहीद रमेश रंजन की आत्मा को चिरशांति तथा उनके समस्त पारिवारिक जन को धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....